Title: Regarding the terrorist attack on the Deputy Chief Minister of Jammu & Kashmir.

श्री मदन लाल शर्मा (जम्मू) : ऑनरेबल स्पीकर साहब, मैं आपकी बसासत से सरकार की तवज्जह चाहता हूं कि हमारे जम्मू-कश्मीर जिले के अनन्तनाग में एक भयंकर हादसा हुआ, जिसमें हमारे डिप्टी चीफ मिनिस्टर की रैली में विस्फोट हुआ। उस विस्फोट में 5 लोग मारे गये और करीब 32 लोग सख्त घायल हुए हैं। सारा देश इस घटना की निंदा करता है। मैं सरकार से प्रार्थना करना चाहता हूं कि पाकिस्तान में सार्क सम्मेलन हो रहा है, ऐसे समय में पाकिस्तान को सख्त अल्फाज में यह कह देना चाहिए कि मिलिटैन्ट्स के आकाओं को यह सब बंद करना चाहिए तथा जो खून-खराबा हो रहा है, वह तुरंत रुकना चाहिए और जिन फैमिलीज के लुवाकीन मारे गये हैं या जख्मी हुए हैं, उन्हें प्रोपर तौर पर मुआवजा दिया जाए, यही मैं सरकार से मांग करता हूं।

MR. SPEAKER: There are 48 different matters to be raised. I am trying to give one opportunity to every Party.

...(*Interruptions*)